nt>

Title: Correcting reply to Starred Question number-21 regarding employment oriented vocational schemes.

मानव संसाधन विकास मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा महासागर विकास मंत्री (डॉ.मुरली मनोहर जोशी) : महोदय, रोज़गारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षण योजनाओं के बारे में श्री राजो सिंह, संसद सदस्य और कुंवर अखिलेश सिंह, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 21 के बारे में (एक) 21 नवम्बर, 2000 को दिए गए उत्तर में शुद्धि करने और (दो) उत्तर में शुद्धि करने में हुए विलम्ब के कारणों के बारे में निम्नलिखित वक्तव्य देता हूं --

कृपया निम्नलिखित संशोधन किया जाए :--

(1) अंग्रेजी उत्तर के प्रथम पैरा में कोई त्रुटि नहीं है अपितु हिन्दी उत्तर के पहले पैरा में " प्रौढ़ साक्षरों के लिए राट्रीय साक्षरता मिशन और कालेजों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से ' जन शिक्षण संस्थान' योजना के द्वारा अनेक योजनाएं चला रही हैं" के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए --

"प्रौढ़ साक्षरों के लिए राट्रीय साक्षरता मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 'जन शिक्षण संस्थान' की योजना के माध्यम से और कालेजों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से अनेक योजनाएं चला रही है।"

(2) उत्तर के दूसरे पैरा में " 58 जन शिक्षण संस्थाएं प्रौढ़ साक्षरों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए स्थापित की गई हैं और उन्हें गैर सरकारी संगठनों की सहायता से संचालित किया जा रहा है " के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए-

" प्रौढ़ साक्षरों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 91 जन शिक्षण संस्थानों द्वारा 17 राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र को शामिल किया गया है। जन शिक्षण संस्थान गैर सरकार संगठनों की मदद से चलाए जाते हैं।"

चूंकि अशुद्धि की जानकारी बाद में मिली इसलिए उत्तर को सही करने में विलम्ब हुआ।

...(*Interruptions*)